दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंकः-298
मुरादाबाद
19 February 2025
(Wednesday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी और कतर के अमीर की बैठक, कई अहम मुद्दों पर बनी सहमति

कतर के अमीर का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने स्वागत किया। इसके बाद अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी को सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से मिलवाया गया। नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी के बीच बैठक हुई। इस उच्च स्तरीय बैठक में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ। इससे पहले कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कतर



के अमीर को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अमीर अल थानी का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने स्वागत किया। इसके बाद अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी को सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से मिलवाया गया। कतर के अमीर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भी बैठक करेंगे। राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया जाएगा।अमीर अल-थानी कल यानी 17 फरवरी की रात को भारत पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रोटोकॉल तोड़कर खुद कतर के अमीर का स्वागत करने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद थे। कतर के अमीर 17 फरवरी को दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भारत और कतर के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। साल 2024 के अंत में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कतर का दौरा किया था। यहां उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की थी। यह एक साल में उनकी चौथी कतर यात्रा थी। सोमवार को दोनों देशों के बीच दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी हुए। इस दौरान भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और कतर के वाणिज्य और उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी भी मौजूद रहे। ये समझौता ज्ञापन दोनों देशों के बीच साझा व्यापार से जुड़े हैं। पीयूष गोयल ने इस दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश की बड़ी संभावनाएं हैं। कतर के अमीर के साथ प्रतिनिधिमंडल में कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी भारत दौरे पर आए हैं। इससे पहले मार्च 2015 में कतर के अमीर ने भारत का दौरा किया था। कतर में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं और कतर के विकास में भारतवंशी समुदाय की अहम भूमिका है।

## नए सीईसी की नियुक्ति के 'आधी रात के फैसले' पर राहुल का बड़ा हमला; बोले- यह अपमानजनक और अशिष्ट

राहुल गांधी ने एक्स पर एक पत्र साझा करते हुए पोस्ट में लिखा कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा रही है, तब आधी रात को नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का फैसला लेना प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के लिए अपमानजनक और अशिष्ट है। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पदोन्नत करके नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) बनाया गया है।देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा रही है, तब आधी रात को नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का फैसला लेना प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के लिए अपमानजनक और अशिष्ट है।राहुल गांधी ने एक्स पर एक पत्र साझा करते हुए पोस्ट में लिखा कि अगले मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए हुई समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया था कि कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर मोदी सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को लेकर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है। विपक्ष के नेता के रूप में यह



मेरा कर्तव्य है कि मैं बाबासाहब आंबेडकर और हमारे राष्ट्र निर्माताओं के आदर्शों को कायम रखूं और सरकार को जवाबदेह ठहराऊं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का आधी रात को निर्णय लेना अपमानजनक और अशिष्टतापूर्ण है। जबकि समिति की संरचना और प्रक्रिया को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा रही है। इस पर 48 घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है।राहुल गांधी ने अपने असहमति नोट में लिखा कि जून 1949 में एक स्वतंत्र चुनाव आयोग की स्थापना पर चर्चा के लिए संविधान सभा में बोलते हुए डॉ. बाबा साहब आंबेडकर ने भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग के मामलों में कार्यपालिका के हस्तक्षेप के बारे में चेतावनी दी थी। कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। दो मार्च 2023 को एक फैसले में सर्वोच्च न्यायालय की सांविधानिक पीठ ने आदेश दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और मुख्य न्यायाधीश की एक समिति द्वारा की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को लेकर लाखों मतदाताओं के बीच व्यापक चिंता को उठाया। यह सार्वजनिक सर्वेक्षणों में भी दिखता है। यह भारत की चुनाव प्रक्रिया और संस्थानों में मतदाताओं के विश्वास में लगातार गिरावट दिखा रहा है। दुर्भाग्य से सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तुरंत बाद भारत सरकार ने अगस्त 2023 में एक कानून लागू किया। इसने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की भावना को दरकिनार कर दिया। कानून ने प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और प्रधान मंत्री द्वारा नियुक्त एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को शामिल करने और मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाने के लिए सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए समिति का पुनर्गठन किया। यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश की मूल भावना का घोर उल्लंघन है। इस आदेश को बाद में एक जनहित याचिकाकर्ता द्वारा चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 48 घंटे से भी कम समय बाद 19 फरवरी 2025 को मामले पर सुनवाई करने के अपने इरादे का संकेत दिया है। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि अगले सीईसी को चुनने की प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई तक टाल दिया जाए और इस बैठक को टाल दिया जाए। इस समिति के लिए अगले सीईसी को चुनने की अपनी प्रक्रिया को जारी रखना संस्थानों के साथ-साथ हमारे देश के संस्थापक नेताओं के लिए भी अपमानजनक और असभ्य होगा, जब इस समिति की संरचना और प्रक्रिया को चुनौती दी जा रही है और जल्द ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुनवाई की जाएगी।

### संक्षिप्त समाचार

#### नए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे ज्ञानेश कुमार, उत्तर प्रदेश से खास नाता; राजीव कुमार की जगह लेंगे

देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के नाम की घोषणा कर दी गई है। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पदोन्नत करके नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) बनाया गया है। ज्ञानेश कुमार के अलावा एक निर्वाचन आयुक्तनि की नियुक्ति भी की गई है। इसके लिए पीएम मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए।चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भारत का मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) नियुक्त किया गया। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल आज (18 फरवरी) को खत्म हो रहा है। उनकी रिटायरमेंट के बाद ज्ञानेश कुमार सीईसी का पदभार संभालेंगे। खास बात ये है कि वे चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे।1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार मार्च, 2024 से ही चुनाव आयुक्त के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें पदोन्नत किया गया है। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक होगा। ज्ञानेश कुमार पर इस साल बिहार का विधानसभा चुनाव और अगले साल पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु का चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी होगी।नियुक्ति के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए।

## सीएम योगी बोले- भोजपुरी, अवधी का विरोध कर रहे सपा के लोग, बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि समाजवादियों का चरित्र दोहरा हो चुका है। ये लोग देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी, पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाएगी और जब सरकार आम जनता के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने की बात करती है, तो ये लोग उर्दू थोपने की वकालत करने लगते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है,



जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की स्थानीय बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन बोलियों को हिंदी की उपभाषाएं मानते हुए सरकार इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार इन भाषाओं के लिए अलग-अलग अकादमियों का गठन कर रही है, ताकि ये समृद्ध हों। ये हिंदी की बेटियां हैं और इन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। यह सदन केवल विद्वानों के लिए नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की आवाज को यहां स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के विरोधी हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि इनका चरित्र ही दोहरा हो चुका है। सीएम योगी ने कहा कि ब्रजभाषा इतनी समृद्ध है कि संत सूरदास ने इसी भाषा में अपनी रचनाएं दीं। इसी तरह, संत तुलसीदास जी ने अवधी में रामचरितमानस की रचना की, जो न केवल उत्तर भारत बल्कि प्रवासी भारतीयों के लिए भी संकट काल में संबल बनी। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भोजपुरी, अवधी और ब्रज भाषा का विरोध कर रहेहैं, वे दरअसल भारत की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के विरोधी हैं। यह दुखद है कि जब इन भाषाओं को सम्मान दिया जा रहा है, तब कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। हर अच्छे कार्य का विरोध करते हैं समाजवादी- सीएम योगी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का स्वभाव ही यह बन चुका है कि वे हर अच्छे कार्य का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग प्रदेश और देश के हित में किए जाने वाले हर सकारात्मक कदम का विरोध करते हैं। यह नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय ने जब स्थानीय भाषाओं को मान्यता दी तो समाजवादी पार्टी ने इसका भी विरोध किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा का यह दोहरा रवैया जनता को समझ में आ रहा है और उन्हें समाज के सामने एक्सपोज किया जाना चाहिए। देश को कठमुल्लापन की ले जाना चाहते हैं समाजवादी सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं को सम्मान दिलाने के लिए भोजपुरी अकादमी, अवधी अकादमी और ब्रज अकादमी की स्थापना की जा रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी मातृभाषाओं को सहेजें और उन्हें आगे बढ़ाएं। विपक्ष का यह विरोध बताता है कि वे न केवल विकास के विरोधी हैं, बल्कि हमारी संस्कृति के भी विरोधी हैं। ये लोग अपने बच्चों को इंग्लिश स्कूल में पढ़ाएंगे और दूसरे के बच्चे के लिए अगर वह सुविधा सरकार देना चाहती है तो कहते हैं कि नहीं उर्दू पढ़ाओ इसको। यानि ये बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं। देश को कठमुल्लापन की ले जाना चाहते हैं यह नहीं चल सकता है।

## शिवपाल बोले- 144 साल बाद महाकुंभ का जिक्र शास्त्रों में कहीं नहीं है... आस्था से खिलवाड़ कर रही भाजपा

सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सनातन धर्म का दिखावा करके लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार के पैसे का प्रयोग पीआर के नाम पर किया गया है।

यूपी विधानसभा सभा का बजट सत्र सोमवार से प्रारंभ हो गया है। सत्र के पहले ही दिन सपा ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि महाकुंभ के नाम पर भाजपा ने लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। शास्त्रों में 144 साल बाद महाकुंभ का कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है। ये लोग सनातन धर्म का दिखावा करके लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अव्यवस्थाओं का




बोलबाला है। सरकारी पैसे का दुरुपयोग पीआर के लिए किया गया है। ऐसी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।

हंगामेदार रही बजट सत्र की शुरुआत- वहीं, बजट सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सत्र के प्रारंभ अपने अभिभाषण को पूरा नहीं पढ़ सकीं। उनके अभिभाषण के दौरान विपक्ष के लोग राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाते रहे। सत्ता पक्ष ने विपक्ष के इस व्यवहार की निंदा की। यूपी के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विपक्ष का रवैया बहुत ही गैर-जिम्मेदाराना है।

इनका काम विरोध करना है, ये हर बात में नेगेटिव सोचते हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विपक्ष का आचरण गैर-जिम्मेदाराना है। राज्यपाल के अभिभाषण के माध्यम से प्रदेश में जो सरकार काम कर रही है उसकी जानकारी दी जाती है। समाजवादी पार्टी का आचरण सदा ऐसा ही रहा है कि वे महामहिम राज्यपाल का आदर करने के बजाय हल्लाबोल करते हैं... समाजवादी पार्टी ने यह दिखा दिया कि वे एक जिम्मेदार राजनीतिक दल कम और अराजकता फैलाने वाला दल ज्यादा है।

संपादकीय Editorial

# This partnership of big and small

Of course, American President Donald Trump gave a warm welcome to Prime Minister Modi in the White House. He was called a 'great leader' and Trump wrote on his book - 'You are great'. Trump also missed Modi a lot. This may be a formal gesture, although Trump has not used such words in relation to any other global leader, but along with their 'eleven-day friendship', both of them are also the supreme leaders of their respective countries, so both are committed to make their countries 'great again'. Both India and America are huge and ancient democracies, but it is also a reality that in this summit dialogue, America has the power of a senior country and India has been that of a junior partner country. This tradition and this imbalance of power has been there between America and India, because it is a country with an economy 8 times bigger than ours. Both countries have been fighting a joint battle against terrorism since the 9/11 terrorist attack in New York. America has decided to hand over Tahawwur Rana, a diabolical conspirator of the 26/11 Mumbai terror attack, to India. We should be grateful for that, perhaps some closed and mysterious links of terrorism can be opened. But Tahawwur has been in American jail since 2009. America is handing him over to us after a long 16 years, so this is a questionable situation. Global leaders have been expressing their concern on terrorism and have also been making public statements of a joint fight, but the reality is that every country has its own fight against terrorism. It will be a relief that our court will be able to take a decision on Tahawwur's terrorism and even send him to death. Anyway, President Trump has made his policy clear on the issue of tariff or customs duty. It is in the context of all countries. Both the heads of governments have not clarified anything on tariff between India and America. It has definitely been announced that a trade agreement can be reached at the end of the year. President Trump is basically a person of mercantilist mindset, hence he wants to expand US military deals with India so that the trade deficit can be reduced. The US President has offered to give India the state-of-the-art F-35 stealth fighter aircraft with this intention. The US has certainly sold this aircraft to NATO countries. India will be the first country outside them. Of course, this is the only 5th generation fighter aircraft. At present, the matter is limited to the offer, the proposal only, because India will also have to keep its military needs in mind. India has sufficient strength of Rafale fighter aircraft, which is a 4-5 generation aircraft. Of course, the armored vehicle that the US has talked about giving to India, can prove to be useful in areas like Ladakh, Rajasthan and Arunachal Pradesh. President Trump and Prime Minister Modi also discussed about illegal Indian immigrants. Prime Minister Modi accepted that illegal immigrants have no legal right to live in any other country, hence he gave his approval to take back such Indians, but Modi urged Trump that this is a long battle. Joint action will have to be taken against human trafficking fraudsters.

# Obstacles to the goal of developed India, we have to do wonders in the field of technology and AI

The basis of the progress of digital technology lies in the knowledge of science. The countries which will be the leaders in digital science and technology will rule the world. In the recent Artificial Intelligence Summit held in Paris, it was clear from the statement of US Vice President JD Vance that America is gearing up to remain the leader in all the fields of AI. Prime Minister Modi's goal of developed India is commendable. All the countrymen should focus on this goal of his. Prime Minister Modi has been repeatedly saying that India should achieve the goal of developed country by 2047. In 2047, we will complete 100 years of our independence. This is a difficult goal, because 2047 is now only 22 years away. 22 years pass in the blink of an eye in the lifetime of a country. Even after this, if we Indians commit ourselves to achieving the goal of developed India, then all the obstacles can be easily overcome. To achieve the goal of developed India, educated India, healthy India and prosperous India are also required. Along with this, there is also a need for a socially peaceful India and that the political class of the country should forget its ideological differences and agree on measures to maintain an atmosphere of peace and harmony in the country and to face the security challenges. It is natural that we will have to give the highest importance to an educated India. The country will have to ensure that every citizen is educated. Special attention will have to be paid to the education of the youth. The good thing in this context is that at present people from almost all sections of the society want their children to get good education. This was not the case at the time of independence or the period after that. Special attention should be paid to improving the quality of primary and secondary education. The central and state governments should not completely depend on the private sector in improving the quality of education and should take the command in their own hands, so that the large number of students going to government schools can be ensured to get quality education. Additional attention should be paid to providing high level education in technology and science at all levels. We should not ignore the fact that ancient India was leading the world in many fields of science. Our ancient texts contain excellent knowledge on subjects ranging from medicine to astronomy. There is no doubt that ancient India was a leader in many fields of science, but it is also true that later our progress in this field stagnated. This stagnation continued for centuries. From the 15th century, European countries started making progress in the field of science and technology. With progress in these fields, their military power also increased. After this, the Industrial Revolution came in these countries in the 19th century. This made Europe so powerful that large parts of Asia, Africa and South America became its colonies. India too became a colony of Britain and also became a victim of its exploitation. Our leaders of the freedom movement realized that one of the main reasons for India's decline was lagging behind in the field of science and technology. After independence, Jawaharlal Nehru became the Prime Minister. He can be blamed for many policy mistakes, but the country should be grateful to him for the fact that he showed full commitment to bridge the gap in the field of science and technology between Europe and India. He took special interest in establishing advanced institutions of science and technology. Some of these achieved international fame and some proved helpful in the Green Revolution and industrial progress. It can be debated that Nehruji should have trusted the private sector more, but it cannot be denied that due to the institutions established by him, the gap between the West and India in many areas of science and technology including nuclear and space decreased. Now in today's digital era, the world has entered a new era in terms of science and technology. The speed of digital technology is rapidly changing the world. Today it can be said that the scenario of 2025 has completely changed compared to the past. Digital technology and its use is affecting every area of ??human life, i.e. social, political, economic and cultural. The basis of the progress of digital technology lies in the knowledge of science. The countries which will be the leaders in digital science and technology will rule the world. In the recent Artificial Intelligence Summit held in Paris, it became clear from the statement of US Vice President JD Vance that America is gearing up to remain the leader in all areas of AI. The conference was co-chaired by the Indian Prime Minister and the President of France. JD Vance's statement was specifically in the context of China, whose AI app DeepSeek has attracted the attention of the whole world. India should also pay attention to his comment. India is doing good work in the field of AI, but in some cases it is behind America, Europe and China. Many experts feel that the gap between India and these countries is increasing in the field of digital science and technology. This is a warning signal in every respect. While the government should do everything it can at its level, but at the same time the private sector of the country must pay special attention to spending its resources on research and development on a large scale. Some of our private sector people are among the richest people in the world. They should develop a culture of research. They cannot depend on getting technology from abroad because there is a risk in spending on research. The government and the private sector should realize that no country will give us its advanced technology. If India really wants to become a global power, then apart from being the third largest economy in the world, it will also have to become a leader in the field of science and technology and especially AI.

# Introduction of cheap politics on Sanskrit, we have to be cautious of divisive leaders

The aim of the Government of India is to provide translation facilities in all the 22 languages ??recognized by the Constitution. It is ironic that while this inclusive and democratic initiative of the Indian Parliament to promote linguistic diversity is being praised wholeheartedly on various platforms, unnecessary objections are being raised to it in India for the fulfillment of narrow political interests. India is a country that celebrates diversity. Despite different attire, food, lifestyle, language and dialect, our internal unity amazes the world. Maha Kumbh is a living example of this, but the parties and politicians doing divisive politics want to divide India in the name of imaginary discrimination between North and South and linguistic identity. Instead of considering language as an eternal source of knowledge, tradition and culture, heritage and a medium of expression and dialogue, they want to make it a means of politics. Perhaps that is why after making many insulting and hateful comments on Sanatan culture, now DMK and its leaders are spewing venom against Sanskrit as well. The opposition to the immediate translation of the proceedings of the House into Sanskrit is beyond comprehension. It is not that this facility has been made available only in Sanskrit, but along with Sanskrit, now the proceedings of the House will also be translated immediately in Bodo, Dogri, Maithili, Manipuri and Urdu. It is worth mentioning that apart from English and Hindi, the facility of simultaneous translation is already available in languages ??like Assamese, Bengali, Gujarati, Kannada, Malayalam, Marathi, Oriya, Punjabi, Tamil, Telugu. The Government of India aims to provide translation facilities in all the 22 languages ??recognized by the Constitution. It will be called an irony that while this inclusive and democratic initiative of the Indian Parliament to encourage linguistic diversity is being praised wholeheartedly on various platforms, unnecessary objections are being raised to it in India for the fulfillment of narrow political interests. Lok Sabha Speaker Om Birla, while expressing regret over DMK leader Dayanidhi Maran's objection to Sanskrit translation, asked the right question, "Which country of the world are you living in? This is India and the original language of India has been Sanskrit. We talked about translation in 22 languages, but why do you object only to Sanskrit and Hindi?" Actually, this episode has exposed the real face of DMK. It is unfortunate that despite being endowed with many features and being absolutely suitable from the point of view of science and technology, Sanskrit has been neglected completely. Whereas the fact is that in the conclusion of repeated research and investigation, Sanskrit has been declared the most suitable language for computers and artificial intelligence. Sanskrit has been considered the most accurate and scientific language for computers because it can be read and spoken exactly as it is written. It is a unique and unparalleled language in terms of scientific sequence of sounds and letters based on vocal cords, breath, mouth organs, etc., metal formation, word formation, word order, elegance of words, sentence structure, expansion of meaning, etc. While in other languages ??of the world it is very difficult to explain the logical basis, reason and purpose behind the words used for a particular thing or person, in Sanskrit the justification for naming things and people can be proved on the basis of qualities, characteristics, meanings, etc. It can be said in sutras. Here there is discipline of verses, not the grammar of anarchy. It is a language of rhythm, melody and beat. Where there is rhythm, there is movement and movement is life and inertia is death. Therefore, Sanskrit is the language of life and the mantra of life. Being one of the oldest languages ??of the world, Sanskrit shows amazing similarity with the vocabulary used in most languages ??of the country and abroad. Being the mother of most dialects and languages ??of India, it is very helpful in national unity and integrity. Renowned thinker and freedom fighter Kanhaiyalal Maniklal Munshi writes- "If Sanskrit was not the national language, it would not have been possible for Acharya Shankaracharya, who belonged to the far south region of Malabar, to unite the entire country in the thread of all-pervasive intellectual, religious, social and cultural unity." When other civilizations of the world had not even developed languages ??for communication, the verses of the Vedas were being composed in Sanskrit, which are still considered the best poems of life and philosophy. After the Vedas, Upanishads, Ramayana, Mahabharata, Shrimad Bhagwat, Aranyak, Brahmin texts and Puranas were also composed in Sanskrit. From art, music, literature, culture, yoga, Ayurveda, religion, philosophy, ethics and history to mathematics, science, geography, geology, astronomy, astrology, Vastu etc., there is hardly any such field of life and world in which there is no availability and abundance of Sanskrit texts. From Adi Shankara, Ramanujacharya, Madhvacharya Mimansaks to all other sages and Indian philosophers, they made Sanskrit the medium of their own experience and philosophical discourse. That is why today the need is to increase the propagation of Sanskrit. The opponents of Sanskrit perhaps do not remember that the chairman of the drafting committee of the Constitution and the first law minister of the country, Dr. Bhimrao Ambedkar, had also advocated Sanskrit as the official language of the Indian Union. Will leaders like Dayanidhi declare him also as a leader or worker of the Rashtriya Swayamsevak Sangh? The truth is that Sanskrit is a language that unites the country, which those doing divisive politics can hardly understand.

# सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में आई तेजी, 25 करोड़ रुपये से हो रहा निर्माण

## नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से काम की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा

मुरादाबाद- नगर विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम ( सीएम ग्रिड ) के अन्तर्गत 25 करोड़ रुपये की लागत से चौधरी चरण सिंह चौक से लेकर केल्टन स्कूल तक 1.5 किलोमीटर लंबी सड़क का सुनियोजित, जनोपयोगी व भविष्य की जरूरतों को देखते हुए निर्माण किया जा रहा है। इस अत्याधुनिक सुविधायुक्त सड़क के निर्माण कार्य में जलनिकासी



के भी प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जिससे भविष्य में भी इसके खोदाई की जरूरत न पड़े। कार्य में अब तेजी आ गई है। नाला निर्माण चल रहा है। वहीं नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कार्य में गुणवत्ता से समझौता न करने का निर्देश दिया है। अर्बन रोड डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर अथॉरिटी ( यूरिडा ) लखनऊ की 23 जनवरी को आई टीम में डिप्टी सीईओ एके श्रीवास्तव व दो अन्य सदस्य शामिल थे। उन्होंने इसका सर्वे किया था। उनके बताए निर्देश के अनुसार चौधरी चरण सिंह चौक से केल्टन स्कूल तक मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम ( सीएम ग्रिड ) के अन्तर्गत बन रही सड़क का निर्माण चल रहा है। नाला ( ड्रेनेज ) बनाने का काम इन दिनों किया जा रहा है। जेसीबी से खोदाई कर चौड़ा ड्रेनेज बनाया जा रहा है। जिससे बरसात में इस सड़क पर जलभराव की नौबत न आए। वहीं सेंट्रल लाइन मार्किंग, जीपीआर सर्वे आदि का कार्य पूरा हो चुका है। लखनऊ से आई टीम के निर्देश के क्रम में नगर निगम के स्थानीय अधिकारी इस महत्वाकांक्षी कार्य पर पूरी नजर रखे हैं। नगर निगम के मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान का कहना है कि कार्यदायी संस्था के साथ समन्वय बनाकर काम कराया जा रहा है। इसकी कार्यदायी संस्था आरसीसी डेवलपर्स है। इस कार्य की निगरानी अर्बन रोड डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर अथॉरिटी ( यूरिडा ) की ओर से की जा रही है। इस सड़क पर भविष्य में सीवर पाइपलाइन के लिए सड़कों की खोदाई करने से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि इसमें पहले ही पाइप डाल दिया जाएगा। सीएम ग्रिड के अन्तर्गत यह होंगी सुविधाएं- सभी प्रकार की केबिल व अन्य सुविधाओं को भूमिगत किया जाएगा। जैसे गैस पाइपलाइन, सीवरेज पाइपलाइन आदि के लिए पहले से ही पाइप डालने की व्यवस्था रहेगी। ग्रीन बेल्ट, रोड साइड प्लाजा मार्ग के दोनों ओर डेडिकेटेड वेंडिंग जोन स्ट्रीट लाइट, फुटपॉथ की व्यवस्था, स्ट्रीट फर्नीचर पार्किंग सुविधा व अन्य कई जनोपयोगी सुविधा

# भूमाफिया ने हड़पी चार गांवों की 230 एकड़ जमीन, कागजों में हेरफेर कर अरबों की सरकारी संपत्ति पर किया कब्जा

मुरादाबाद में तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत से 230 एकड़ सरकारी जमीन पर भू माफिया ने कब्जा कर लिया। जांच में रिकॉर्ड में हेराफेरी और फर्जी इन्द्राज का भी खुलासा हुआ। कुछ जमीन पर तो बिल्डरों ने नक्शा भी पास करा लिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने पूरी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है।मुरादाबाद प्रशासन की जांच पड़ताल में अरबों रुपये की सरकारी जमीन का घोटाला सामने आया है। तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत और रिकॉर्ड में हेराफेरी कराकर भू माफिया ने जिले की 230 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। इसमें मनोहरपुर, लाकड़ी फाजलपुर, डिडौरी, व मंगूपुरा में सरकारी जमीन के अलावा नदी व ग्राम समाज का रकबा शामिल है।घोटाले की जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप दी गई है। जिसे शासन को भेजने की तैयारी है। करीब चार महीने पहले सरकारी जमीनों पर कब्जे की हुई शिकायतों को आधार बनाकर जिला प्रशासन ने पुरानी और नई खतौनियों की जांच शुरू कराई। साथ ही सरकारी जमीन का स्थलीय निरीक्षण भी कराया।सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, एसडीएम सदर डॉ. राममोहन मीना, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी व भोजपुर के नायब तहसीलदार ने मनोहरपुर, लाकड़ी फाजलपुर, डिडौरी व मंगूपुरा में सरकारी जमीन, नदी और ग्राम समाज की भूमि की जांच पड़ताल की। इसके बाद तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत और रिकॉर्ड में हेराफेरी कर सरकारी जमीन कब्जाने की परतें खुलने लगी। इन चार गांवों, नदी और ग्राम समाज की करीब 230 एकड़ सरकारी जमीन पर भू माफिया का कब्जा पाया गया। भू माफिया ने तहसील कर्मचारियों से साठगांठ कर खतौनी में फर्जी इंद्राज करा लिए। बाद में उसे चकबंदी में भी दर्ज करा दिया गया। इन जमीन में से कुछ पर बिल्डरों ने अपनी सोसायटी का नक्शा भी पास करा लिया है। मंगूपुरा गांव से 51 एकड़ का रकबा ही कागजों में गायब करा दिया गया। जांच में इस रकबे का मानचित्र जिला प्रशासन को नहीं मिला है। इसी में पांच एकड़ नदी की जमीन पर कब्जा मिला है। जांच में पाया गया है कि मंगूपुरा व डिडौरी में 18.37 हेक्टेयर का रकबा दोनों गावों में दर्ज है। यानी किसी एक गांव में इतनी जमीन का घोटाला हुआ है। इसमें ग्राम समाज की जमीन भी शामिल है। लाकड़ी फाजलपुर व मनोहरपुर में 59.31 एकड़ का सरकारी रकबा किसानों के नाम दर्शाया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने जांच आख्या डीएम को सौंप दी है। अब इसे शासन को भेजने की तैयारी है। लंबे समय से रिकॉर्ड में हो रही धांधली- जांच टीम ने पाया है कि जमीन के रिकॉर्ड में लंबे समय से लगातार धांधली हो रही है। पहले रसूखदारों ने खतौनी में फर्जीवाड़ा कराया फिर उसे सही साबित करने के लिए चकबंदी में भी शामिल करा दिया गया। के नक्शे होल्ड करा दिए हैं। कई एकड़ जमीन पर बिल्डरों के प्रोजेक्ट खड़े हो गए हैं। अब इन सभी की खरीद फरोख्त पर रोक लग गई है। बिल्डर मामले को सुलटाने की कोशिश में राजनीतिक दखल के लिए सिफारिश लगा रहे हैं। हालांकि अब तक किसी को लाभ नहीं हुआ है।

# केवल घोर चिकित्सीय लापरवाही में ही दर्ज हो डाक्टरों पर आपराधिक मुकदमे, चिकित्सकों ने DM अनुज सिंह को सौंपा ज्ञापन

## चिकित्सा व्यवसाय में कानूनी अड़चनों को दूर कराने के लिए जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिले चिकित्सक

मुरादाबाद- चिकित्सा व्यवसाय में कानूनी अड़चनें, डॉक्टरों और अस्पतालों पर लगातार मुकदमें बढ़ने और डॉक्टरों पर उपभोक्ता फोरम के अलावा क्रिमिनल मुकदमें दर्ज होने से आहत चिकित्सकों



ने मंगलवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल से मुलाकात की। इंडियन एकेडमी आफ पीडियाट्रिक्स के चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा। उन्हें बताया कि इलाज के दौरान मरीज की स्थिति बिगड़ने या मृत्यु होने पर डॉक्टरों पर क्रिमिनल केस दर्ज होने और गिरफ्तारी को रोकने हेतु सुप्रीम कोर्ट ने जैकब मैथ्यूज बनाम पंजाब राज्य, मार्टिन डिसूजा बनाम मो अशफाक, लतिका कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य, कुसुम शर्मा बनाम बत्रा हॉस्पिटल के केस में स्पष्ट गाइडलाइन जारी की है। इसका पालन कराया जाए। इसके अनुसार केवल घोर चिकित्सकीय लापरवाही के मामलों में ही डॉक्टरों पर क्रिमिनल मुकदमा दर्ज हो। क्रिमिनल चिकित्सकीय लापरवाही के मुकदमें पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद ही दर्ज किए जाएं हों। क्रिमिनल चिकित्सकीय लापरवाही के मामलों में सीएमओ द्वारा बोर्ड की जांच अनिवार्य हो और दोषी पाए जाने पर ही क्रिमिनल मुकदमा चले। डॉक्टरों की अनावश्यक गिरफ्तारी न हो। विवेचक विवेचना से पूर्व अन्य उसी विधा के चिकित्सक की लिखित राय अनिवार्य रूप से ले। इलाज के दौरान मृत्यु होने पर गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज करने की जगह लापरवाही से मृत्यु की धारा में ही मुकदमा दर्ज हो। डाक्टरों पर मुकदमे दर्ज कर उन पर अनावश्यक दबाव न बनाया जाए। प्रतिनिधिमंडल में डा. केजी गुप्ता, डा. प्रशांत पांडेय सेक्रेटरी इंडियन एकेडमी आफ पीडियाट्रिक, डा. शलभ अग्रवाल, डा. सुनील खट्टर, एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डा. रवि गंगल, संजीव बेलवाल आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# एसएसपी ने तीन अपराध निरीक्षक व 19 चौकी प्रभारी बदले, 4 को किया लाइन हाजिर

मुरादाबाद- रविवार की देर रात एसएसपी ने तीन इंस्पेक्टर और 41 उपनिरीक्षकों के कार्य में फेरबदल किया। जिसमें उन्होंने 19 पुलिस चौकियों के प्रभारी बदल दिए। जबकि तीन थानों को नए अपराध निरीक्षक मिले। जारी आदेश में चार को लाइन हाजिर भी किया गया है। एसएसपी कार्यालय से जारी लिस्ट के अनुसार कांठ के अपराध निरीक्षक जयदेव कुमार को वहां से हटाकर बिलारी थाने का अपराध निरीक्षक बनाया गया है। बिलारी के अपराध निरीक्षक रामनरेश यादव को वहां से हटाकर कांठ भेजा गया है। जबकि सोकनपुर जटपुरा चौकी का प्रभार संभल रहे विजय सिंह को भगतपुर थाने का अपराध निरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा कोतवाली के नईबस्ती चौकी प्रभारी पवन कुमार पाठक को वहां से थाना पाकबड़ा भेजा गया। उनके स्थान पर बरवालान चौकी प्रभारी मुकेश कुमार को नईबस्ती चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह एसआई दीपक को मंडी चौक से पंडित नगला, अंकुर मलिक को बंगला गांव से मंडी चौक, विष्णु कुमार को थाना नागफनी से बंगला गांव चौकी, मनोज कुमार को पीतलबस्ती से हकीमपुर, कृष्ण कुमार मंगेला को असालतपुरा से पीतलबस्ती, रुणित तोमर को एसएसआई भगतपुर से असालतपुरा चौकी प्रभारी और दीपक को पंडित नगला चौकी से मूंढापांडे की करनपुर चौकी का प्रभारी बनाया है। मझोला थाना के नया मुरादाबाद चौकी प्रभारी अर्जुन सिंह को वहां से हटाकर मझोला थाना, राहुल राघव को दलतपुर चौकी से पुलिस लाइन, दीपक राणा को जीरो पॉइंट चौकी से दलतपुर, कपिल कुमार को रौंडाझौंडा से इस्लामनगर, राकेश कुमार को इस्लामनगर से उमरी, रविंद्र कुमार को उमरी से रौंडाझौडा चौकी प्रभारी बनाया गया है। नरेंद्र कुमार को खुशहालपुर, रामरतन को नया मुरादाबाद, नरेंद्र पाल सिंह को जीरो पॉइंट, जुगेंद्र पाल सिंह को इंदिरा चौक, लोकेश कुमार को बरवालान और हरेंद्र सिंह को फैजगंज, और वीरेंद्र सिंह को जटपुरा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। फैजगंज चौकी प्रभारी महिला एसआई कामिनी शर्मा, कुंदरकी थाने के एसआई दीपक कुमार और खुशहालपुर चौकी प्रभारी योगेश श्मा को लाइन हाजिर किया गया है। एसआई बबलू को न्यायालय सुरक्षा और विनोद कुमार को न्यायालय सुरक्षा से मानवाधिकार सेल भेजा गया है। इसके अलावा एसआई रामगोपाल को कोतवाली से भगतपुर, हरिशंकर यादव को भोजपुर से छजलैट, पुलिस लाइन से मुकेश कुमार को गलशहीद, प्रदीप कुमार को छजलैट, चंद्रशेखर यादव को कांठ, रामगोपाल आर्य को डिलारी, देवेंद्र सिंह को ठाकुरद्वारा, गंगासरन को कांठ, ईसार अहमद खां को कोतवाली, विजय यादव को कोतवाली थाने पर भेजा गया है।

# महाशिवरात्रि के पर्व से पहले SSP ने किया रूट डायवर्ट, ऐसे होगा यातायात संचालित

## 19 फरवरी की रात से डायवर्जन प्लान होगा प्रभावी, निर्धारित रूट से होकर गुजरेंगे छोटे बड़े सभी वाहन

मुरादाबाद- महाशिवरात्रि पर्व के लिए यातायात को व्यवस्थित करने और सकुशल चलने के एसएसपी सतपाल अंतिल ने सोमवार को देर रात रूट डायवर्जन प्लान जारी किया। जनपद से होकर गुजरने वाले छोटे बड़े वाहनों को 19 फरवरी की सुबह से 26 फरवरी की देर रात तक निर्धारित रूट से डायवर्ट होकर गुजरना होगा। जिले में आने वाले बाहरी वाहनों के रूट डायवर्ट का प्लान 19 फरवरी से प्रभावी होगा। 26 फरवरी की रात तक जनपद में इसी प्लान से यातायात का संचालन किया जाएगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर जनपद से होकर हरिद्वार, ऋषिकेश, गढ़मुक्तेश्वर इत्यादि विभिन्न स्थानों से पवित्र नदियों का जल लेने के लिए जाने वाले कांवड़ियों के विभिन्न मार्गों से पैदल, वाहनों द्वारा चलकर शिव मन्दिरों में लाकर जलाभिषेक किया जाता है। बढ़-चढ़ कर शिव मन्दिरों में जाकर जलाभिषेक व पूजा अर्चना करते है। कांवड़ियों के भारी संख्या में आवागमन होने से भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया गया है। जैसे ट्रक, डीसीएम, केन्टर, मालवाहक वाहन, ट्रैक्टर, बसे रोडवेज बस भी शामिल होंगी। मध्यम छोटा वाहन को शिवरात्रि पर्व के अवसर पर 19 फरवरी की सुबह से 26 फरवरी की रात्रि तक के लिए डायवर्जन के अनुसार वाहन चलेंगे। ट्रैफिक डायवर्जन के अनुसार इस प्रकार होगा यातायात संचालित- बरेली,रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाला यातायातः बरेली, रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहन ( ट्रक, ट्रैक्टर, सभी प्राइवेट रोडवेज बस आदि मालवाहक भारी वाहन वाया मिलक शाहबाद, बिलारी, सिरसी, संभल, गवां, नरौरा डिबाई, शिकारपुर, बुलन्दशहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली पहुंचेंगे। इसी मार्ग से वापसी में दिल्ली से बरेली पहुंचेंगे। रोडवेज बसें नया मुरादाबाद एमडीए ऑफिस के सामने बने अस्थाई बस स्टैण्ड पर रोकी जाएंगी। कांवड़ियों की संख्या का आकलन करते हुए यथा संभव एनएच-9 पर एक लेन में वाहन का संचालन किया जा सकता है। 24 फरवरी की रात 08.00 बजे से 26 फरवरी की शाम 05 बजे तक जीरो ट्रैफिक किया जायेगा। मुरादाबाद से दिल्ली एवं मेरठ की ओर जाने वाला यातायातः मुरादाबाद से दिल्ली एवं मेरठ की ओर जाने वाला समस्त भारी वाहन ( यथा-ट्रक, ट्रैक्टर, आदि मालवाहक भारी वाहन ) बिलारी, सिरसी, सम्भल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलन्दशहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली पहुंचेंगे तथा इसी मार्ग से वापस आयेंगे तथा मेरठ जाने के लिए वाया हापुड़-मेरठ जायेंगे एवं इसी मार्ग से वापस आयेंगे कांवड़ियों की संख्या का अंकलन करते हुए यथा संभव एनएच-9 पर एक लेन में वाहन का चलाना किया जा सकता है। 24 फरवरी की रात 08 बजे से 26 फरवरी की शाम 05 बजे तक जीरो ट्रैफिक किया जायेगा। रामपुर से-मुरादाबाद की ओर आने वाला यातायातः रामपुर से-मुरादाबाद की ओर आने वाला समस्त भारी वाहन ( यथा-ट्रक, ट्रैक्टर, सभी प्राइवेट रोडवेज बस आदि मालवाहक भारी वाहन ) शाहाबाद, बिलारी, कुन्दरकी होते हुए जनपद मुरादाबाद आयेगा तथा इसी मार्ग से वापस जायेगा। रोडवेज बसे नया मुरादाबाद एमडीए ऑफिस के सामने बने अस्थाई बस स्टैण्ड का प्रयोग कर सकते है। अमरोहा से रामपुर, बरेली की ओर जाने वाला यातायातः अमरोहा से रामपुर , बरेली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहन -ट्रक, ट्रैक्टर आदि मालवाहक भारी वाहन कैलशा, बागडपुर, डूंगरपुर तिराहा पाकबड़ा से डींगरपुर, कुंदरकी, बिलारी, शाहाबाद होकर रामपुर पहुंचेगी तथा इसी मार्ग से वापस आएंगे मुरादाबाद से बिजनौर, हरिद्वार आने जाने वाला यातायातः मुरादाबाद से बिजनौर, हरिद्वार आने जाने वाले समस्त भारी वाहन ( यथा-ट्रक, ट्रैक्टर आदि मालवाहक भारी वाहन ) काशीपुर तिराहा वाया ठाकुरद्वारा भूतपुरी चौराहा ( अफजलगढ़ ), शेरकोट, धामपुर, नहटौर होते हुए बिजनौर। हरिद्वार जायेंगे तथा इसी मार्ग से वापस आयेंगे। बिजनौर, धामपुर से मुरादाबाद, रामपुर, बरेली की ओर जाने वाला यातायातः बिजनौर,धामपुर से मुरादाबाद,रामपुर,बरेली की ओर जाने वाले हल्के वाहन स्योहारा, सूरजननगर, ठाकुरद्वारा, भोजपुर एवं काशीपुर तिराहा से दलपतपुर जीरो प्वाइंट होते हुए एनएच-09 से जाएंगे तथा इसी मार्ग से वापस आयेंगे। रामपुर की तरफ से मुरादाबाद आने वाली रोडवेज और निजी बसेंः रामपुर की तरफ से मुरादाबाद आने वाली रोडवेज, प्राइवेट बसें एनएच 9 से दलपतपुर जीरो प्वाइंट होते हुए अस्थायी बस स्टैण्ड काशीपुर तिराहा प्रेम वण्डरलैण्ड फ्लाईओवर के नीचे तक आएंगी। इसी मार्ग से वापस जाएंगी। कांवड़ यात्रा का अधिक दबाव बढ़ने पर रामपुर की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें शाहबाद, बिलारी, कुन्दरकी होते हुए अस्थाई बस स्टैण्ड आजाद नगर मोड़ तक आएंगी, इसी मार्ग से वापस जाएंगी। बिजनौर से आने वाले प्राइवेट रोडवेज बसे धामपुर, ठाकुरद्वारा होते हुए प्रेम वण्डर लैंड अस्थाई बस स्टैण्ड का प्रयोग कर सकेगी। ठाकुरद्वारा जाने वाली रोडवेज बसों का बस स्टैंड भी प्रेम वण्डर लैंड होगा।




## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# आशाओं की कार्यप्रणाली पर ध्यान दे सभी एमओआईसी-जिलाधिकारी

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में चिकित्सा एवं परिवार कल्याण/स्वास्थ्य विभाग की डीएचएस/जिला स्वास्थ्य सोयायटी के शासी निकाय/जिला पंजीयन प्राधिकरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में टीकाकरण कवरेज, एम0आर0सी0वी0 वैक्सीन, एम0आर0 कैचअप कैम्पेन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी एमओआईसी को टीकाकरण की प्रगति पर विशेष टीकाकरण पर विशेष ध्यान देकर कार्यवाही करने के निर्देश संबंध में ठीक ढंग से सर्वे करवाने, ड्यू लिस्ट बनवाने एवं स्थापित करवाकर टीकाकरण की स्थिति को सुधारने के खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थिति में सुधार टीकाकरण के संबंध में ए0एन0एम0 से नियमित रुप से के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को उनकी कार्यप्रणाली में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को इंटर कालिजों में कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया। इसके बच्चों की आंखों की जांच करवाने संबंधी कार्यवाही को बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएसए को स्कूलों में परीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश।




